# ELIN ELECTRONICS LIMITED

Regd. & Corp. Office : 4771, BHARAT RAM ROAD, 23 DARYA GANJ, NEW DELHI-110 002
Website : www.elinindia.com Tel. : 91-11-43000400 Fax : 91-11-23289340

February 09, 2025

**National Stock Exchange of India Limited**
**Exchange Plaza, 5th Floor,**
**Plot No. C/1, G Block,**
**Bandra - Kurla Complex**
**Bandra (E), Mumbai - 400 051**

**BSE Limited**
**Corporate Relationship Department,**
**2nd Floor, New Trading Wing,**
**Rotunda Building, P.J. Towers,**
**Dalal Street, Mumbai - 400 001**

**Symbol: ELIN**

**Scrip Code: 543725**

**ISIN: INE050401020**

Dear Sir/Ma'am,

Sub: Submission of copies of newspaper clippings pursuant to Regulation 47(1) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

We wish to inform you that the Company has published the extract of the Unaudited Financial Results (standalone and consolidated) for the Quarter and Nine months period ended 31st December, 2024 in the following newspapers on 09.02.2025 pursuant to the Regulation 47(1) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Pioneer | Hindi |
| 2 | Financial Express | English |

We request you to take the above information on record.

Thanking You

Yours faithfully,

**For Elin Electronics Limited**
Lata Rani Pawa
Digitally signed by Lata Rani Pawa
Date: 2025.02.09 13:11:21 +05'30'
**Lata Rani Pawa**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**M. No.: A30540**
cs@elinindia.com

ELIN ELECTRONICS LIMITED New Delhi 110002

# दिल्लीवासियों को अब मिलेगा पर्याप्त जल: सीएम

## नायब सिंह ने गीता स्थली ज्योतिसर में की पूजा-अर्चना, गीता उपदेशों के साक्षी वट वृक्ष की परिक्रमा की

- कहा- प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी और गरीबों के उत्थान की योजनाओं पर लगी मुहर
- लोगों ने भ्रष्टाचार और आपदा सरकार को किया बाहर
- सुभाष सुधा व जिला अध्यक्ष सुशील राणा ने सीएम को खिलाई जलेबी


गीता स्थली ज्योतिसर में पूजा अर्चना करते मुख्यमंत्री नायब सिंह, सुभाष सुधा व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के नागरिकों को अब पर्याप्त और स्वच्छ जल मिलेगा। इस दिल्ली राज्य के नागरिकों के लिए हरियाणा पहले ही स्वच्छ जल दे रहा था और अब दिल्ली के पानी को भी स्वच्छ बनाकर हर नागरिक तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। इस राज्य में भाजपा सरकार गरीबों का उत्थान करने के साथ-साथ हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाएगी। इससे पहले दिल्ली के लोग पिछले कई सालों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे।

मुख्यमंत्री शनिवार को दिल्ली में भाजपा की जीत पर गीता स्थली ज्योतिसर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे। यहां पहुंचने पर पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ-साथ ढोल की गूंज के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। इसके उपरांत नायब सिंह सैनी ने गीता उपदेशों के साक्षी वट वृक्ष की मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर परिक्रमा की है। यहां पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी, प्रदेश सचिव राहुल राणा, एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के सह संयोजक मदन मोहन छाबड़ा, गीता जयंती मेला अथॉरिटी सदस्य विजय नरुला, सौरभ चौधरी, भाजपा नेता साहिल सुधा, पूर्व नपा अध्यक्षा उमा सुधा, समाजसेवी प्रवीण शर्मा सहित अन्य नेताओं ने मुख्यमंत्री को जलेबी खिलाकर मुंह मीठा करवाया और की जीत पर जश्न मनाया।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जीत पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ-साथ दिल्ली के नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में जनकल्याणकारी, गरीबों के उत्थान के साथ-साथ हर वर्ग के लिए चल रही नीतियों से प्रभावित होकर दिल्ली के नागरिकों ने आपदा और भ्रष्टाचारी सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया है। इस दिल्ली राज्य के लोग पिछले 10 सालों से अच्छी शिक्षा, पर्याप्त व स्वच्छ जल के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। लोगों को इलाज के लिए भी अच्छी सुविधाएं नहीं मिल रही थी और ना बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया करवाई जा रही थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और कांग्रेस सरकार ने लोगों का शोषण करने के साथ-साथ सीवरेज, पानी बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से महरुम रखा। इतना ही नहीं वहां भ्रष्टाचारी शासन और आपदा की सरकार थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा पर आरोप लगाकर केजरीवाल ने हरियाणा की माटी को कलंकित करने का प्रयास किया और अपने कार्यकाल में लोगों की बजाए खुद के लिए कार्य किए और भ्रष्टाचार को तवज्जो देने का काम किया।

# सूरजकुंड मेला सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक: जोशी

- मुख्य सचिव ने किया मेले का अवलोकन, शिल्पकारों के हुनर को सराहा

**पायनियर समाचार सेवा। सूरजकुंड**

हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी ने शनिवार को सूरजकुंड में चल रहे 38 वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का अवलोकन किया तथा शिल्पकारों की कला को लेकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उपायुक्त विक्रम सिंह ने जिला प्रशासन की तरफ से मुख्य सचिव का स्वागत किया। पर्यटन विभाग की ओर से मुख्य सचिव व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश के कलाकारों ने अपनी वेशभूषा और नृत्य कला से अधिकारियों का मन मोह लिया।

इस दौरान मुख्य सचिव हरियाणा विवेक जोशी ने मेले में पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशालय हरियाणा द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही विभिन्न प्रदेशों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए शिल्प कौशल को सराहा। उन्होंने कहा कि कला एवं संस्कृति, विरासत एवं पर्यटन सहित अन्य क्षेत्रों में आज हरियाणा आगे है।

मुख्य सचिव हरियाणा विवेक जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के मार्गदर्शन में सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले ने पूरी दुनिया में अपनी विशेष साख कायम की हुई है।


कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी।

### हरियाणवी कलाकार सौरभ अत्री ने बांधा समां

**मुख्य चौपाल पर हरियाणवी कलाकार सौरभ अत्री ने हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति दी। कलाकार सौरभ अत्री के हरियाणवी गीत तू राजा की राजदुलारी मै सर्प लंगोटे आला सूं, देसां में देश हरियाणा जित दूध दही का खाणा, पियाजी तेरी एक ना मानूंगी फिल्म चंद्रावल देखूंगी, गाड़ी आली गजबण छोरी और मेरे पाछे पाछे आवण का भला कौण सा मतलब तेरा सै आदि की प्रस्तुति पर पूरा पंडाल झूम उठा और दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकार का हौसला बढ़ाया। वहीं हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी ने मंच पर जाकर कलाकार सौरभ अत्री का हौसला बढ़ाया और उन्हें हरियाणवी संस्कृति को इसी प्रकार आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।**

# मेवात में रेल मार्ग बनने से आवाजाही होगी सुगम: नायब

- उद्योग लगने से युवाओं के लिए रोजगार के खुलेंगे रास्ते
- आल इंडिया मेवाती पंचायत ने परियोजना को मंजूरी के लिए सीएम का जताया आभार

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करते हुए केंद्र व हरियाणा सरकार बिना भेदभाव के विकास के कार्य कर रही है। इसी कड़ी में शहीद हसन खान मेवाती से प्रेरणा लेते हुए मेवात में विकास के कार्य कर रही है।

मेवात को रेल मार्ग से दिल्ली व अलवर से सीधा जोडने् के लिए यहां पर रेल परियोजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा। इसके लिए सरकार ने बजट का भी प्रावधान किया है। मेवात में रेलमार्ग का निर्माण होने से न सिर्फ मेवात के लोगों की आवाजाही सुगम होगी, बल्कि यहां के युवाओं के लिए रोजगार के लिए भी नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत देश के 115 पिछड़े जिलों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से नूंह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले आकांक्षी जिला अंकित किया है। प्रधानमंत्री स्वयं इस जिले के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि व कौशल विकास से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग भी करेंगे।

मुख्यमंत्री शनिवार को अपने निवास संत कबीर कुटीर में आल इंडिया मेवाती पंचायत के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। आल इंडिया मेवाती पंचायत के प्रतिनिधियों ने मेवात में रेलवे लाइन बिछाए जाने की परियोजना को मंजूरी दिए जाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेवात क्षेत्र में 178 एकड़ जमीन पर एलटीएल बैटरी उद्योग लगेगा, जिसमें 7197 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इस परियोजना से मेवात क्षेत्र के करीब 7 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसी तरह से सरकार ने मेवात क्षेत्र में आईएमटी स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिससे इस क्षेत्र में उद्योंगों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की स्वामित्व योजना से मेवात क्षेत्र को लाल डोरा मुक्त किया गया है, जिसके तहत 396 गांवों की 1 लाख 25 हजार 158 संपत्तियां चिन्हित की गई थी, जिनमें से 99 प्रतिशत लाभार्थियों को मालिकाना हक दे दिया गया है।

# विशिष्ट कला की छाप छोड़ रहे ओडिशा के शिल्पकार


ओडिशा के स्टॉल पर भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा के फोटो खींचते पर्यटक।

- थीम स्टेट ओडिशा द्वारा मेले में लगाई गई हैं चार दर्जन स्टालें

**पायनियर समाचार सेवा। सूरजकुंड**

सूरजकुंड मेले में थीम स्टेट के रूप में आमंत्रित ओडिशा राज्य के शिल्पकार पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। ओडिशा हैंडलूम, टैक्सटाईल और हैंडीक्राफ्ट के तहत शिल्प मेले में लगाई गई चार दर्जन स्टालों पर शिल्प मेला के दूसरे दिन शनिवार को पर्यटकों की खासी चहल कदमी रही। उड़ीसा के शिल्पकारों ने उनको अपने हुनर का अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रदर्शन करने का अवसर देने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह और विरासत एवं पर्यटन विभाग का आभार जताया है। ओडिशा सरकार द्वारा अपनी यादगार प्रतिभागिता दर्शाने का पूरा प्रयास किया गया है। पर्यटकों का ध्यान आकषित करने के लिए पैवेलियन में भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा स्थापित की गई है। ओडिशा के स्टॉलों पर आने वाले पर्यटकों को भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने का एक अच्छा अवसर मिल रहा है।

# अब हरियाणा में गरमाएगा सियासी माहौल

- निगम चुनाव के लिए अलग-अलग घोषणा पत्र जारी करेगी भाजपा व कांग्रेस
- कांग्रेस ने गीता भुक्कल की अध्यक्षता में किया कमेटी का गठन

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद अब हरियाणा में भी राजनीतिक माहौल गरमाएगा। प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय चुनावों का ऐलान हो चुका है। सत्तारूढ़ भाजपा व प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस अब इन चुनावों को लेकर सक्रिय होंगे। दोनों पार्टियों ने नगर निगम के चुनाव सिंबल पर लडने् का निर्णय लिया है। निगमों के अलग-अलग चुनावी घोषणा-पत्र भी जारी करेंगे।

भाजपा यह स्पष्ट कर चुकी है कि निकाय चुनावों के लिए स्थानीय मुद्दों के हिसाब से पार्टी के 'संकल्प पत्र' तैयार होंगे। भाजपा द्वारा संकल्प-पत्र तैयार करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की कमेटी का गठन किया जाएगा। अभी तक पार्टी के दिग्गज नेता दिल्ली के चुनावों में व्यस्त थे। अब वे हरियाणा के निकाय चुनावों के लिए जोर लगाएंगे। संकल्प-पत्र कमेटियों का गठन जल्द ही किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर, शुक्रवार को नई दिल्ली में हुई कांग्रेस की बैठक में पूर्व शिक्षा मंत्री व झज्जर विधायक गीता भुक्कल की अध्यक्षता में चुनावी घोषणा-पत्र कमेटी का गठन कर दिया है। जिसमें विधायक बीबी बत्तरा, चंद्रप्रकाश, विनय यादव, विजय प्रताप, बजरंग दास गर्ग तथा लखन सिंगला को शामिल किया गया है। लोकसभा व विधानसभा चुनावों में एक ही घोषणा-पत्र जारी होता है,लेकिन निकाय के चुनावों में मुद्दे अलग-अलग होते हैं। ऐसे में शहरों की जरूरत व मुद्दों के हिसाब से पार्टियां अलग-अलग चुनावी घोषणा-पत्र जारी करेंगी।

### भाजपा देगी ट्रिपल इंजन का नारा

**सत्तारूढ़ भाजपा ने हरियाणा में जीत की हैट्रिक लगाई है। केंद्र में भी मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनी है। सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा ने इस बार के विधानसभा चुनाव 'डबल इंजन' की सरकार के नाम पर लड़े थे। अब निकायों में 'ट्रिपल इंजन' की सरकार के नाम पर वोट मांगे जाएंगे। भाजपाइयों ने यह पहले ही कहना शुरू कर दिया है कि शहरों के लोग भाजपा के साथ जाएंगे और ट्रिपल इंजन की सरकार में ट्रिपल गति के साथ शहरों का विकास होगा।**

# शोध-अनुसंधान को बढ़ावा देना केयू की प्राथमिकता: सचदेवा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने यूआईईटी संस्थान को मल्टी वेजिटेबल ट्रांसप्लांटर के पेटेंट ग्रांट होने पर संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा युवाओं को शोध, अनुसंधान तथा नवाचार के माध्यम से कृषि, व्यापार, विज्ञान एवं तकनीक सहित अन्य सामाजिक समस्याओं का समाधान करना चाहिए। सचदेवा ने कहा कि इस पेटेंट के ग्रांट होने से कृषि क्षेत्र में सुगमता और समय के साथ पैसे की बचत होगी तथा कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए यह नवीनतम तकनीक कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि नवाचार, उद्यमिता एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए यूआईईटी संस्थान में दो इंक्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किए गए हैं।

**PUBLIC NOTICE**

**Manju Kapoor, D/o Late Om Prakash Kapoor & W/o Sudhir Kapoor, residing at E-76, East of Kailash, New Delhi-110 065, has applied for certified copies & freehold conversion of Property No.76, Ground & First Floor, Block-E, East of Kailash, New Delhi-110065,** with the DDA. The original property documents (Allotment Letter,Possession Letter,Site Possession Slip, Perpetual Lease Deed, etc.) have been lost, and an online LR No.2459356/2025 dated 03/01/2025 has been lodged at P.S. Crime Branch, Delhi.Anyone with claims,objections, or possession of these documents may contact Manju Kapoor at the given address/phone **(9831166482)** within 15 days of this notice or inform the **Deputy Director(LAB-Resdl.),DDA,Vikas Sadan, New Delhi-110023.**

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to the General Public that my client **SMFG India Home Finance Co. Ltd.** is advancing a loan to **Mr Santosh & Mrs Savita Devi** for purchasing Freehold Residential House Nagar Nigam No. 1066/I, area 68 sq. yds. of Falling under Khasra No. 266 Min & 267 Min situated at Village-Mawai, Tehsil & Distt.-Ghaziabad (U.P.) from Mrs Shama Sharma w/o Mr Jogesh Kumar. The property belonged to Mr Satpal Sharma S/o Mr Brij Lal Sharma who is now deceased and the property is being sold by his sons namely Mr Vijay Kumar Sharma, Mr Jogesh Kumar, and Mr Harish Kumar. A Registered General Power of Attorney dated 31.08.2001, has been executed by Mr Vijay Kumar Sharma, Mr Jogesh Kumar & Mr Harish Kumar All S/o Late Mr Satyapal Sharma, in favour of Mrs Shama Sharma.
General Public hereby informed that if anybody has any claim or objection upon the said property by way of inheritance, share, sale, agreement, lease, license, gift, possession, legal heirs, partners, or encumbrance, however or otherwise, is required to intimate in writing to the undersigned within 07 days from the date of publication of this notice with supporting documents. After the expiration of notice period, the claim(s), if any of such person shall be treated as null and void and be treated as waived.

**TAPAN RAGHAV (Advocate)**
Ch. No. G-220, Karkardooma Courts, Delhi-110032. (M - 8800096522)

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large Mr. Abul Hasan had acquired Plot area measuring 50 sq. yrds., out of Khasra No. 70, situated at Village Loni, in the abadi of Khushhal Park, Pargana Loni, Tehsil & Distt. Ghaziabad, U.P vide Regd. GPA Dt. 18.05.2000 executed by Mrs. Reshma and Now Mr. Abul Hasan is the undisputed owner of the said property.

OR

Any person / firm / institution / company having any claim or right in respect of the said Property by way of inheritance, share, sale, agreement, lease, license, gift, possession, legal heirs, partners or encumbrance howsoever or otherwise is hereby required to intimate in writing to the undersigned within 07 days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents at below mentioned address. After expiration of notice period, the claims, if any, of such person shall be treated null and void and also treated as waived and not binding on our client.
**Ajay Kumar Giri (Advocate) H.No. 26/161, Basement, Vikram Vihar, Lajpat Nagar 4, New Delhi-110024.**

**गुमशुदा की तलाश**



**नाम: प्रदीप कुमार**
उम्र 42 वर्ष, कद 5'5", रंग गेहुआ
जो दिनांक 05-02-2025
से H.No 208 Milap Apartment
Paschim Vihar, Sunder Vihar, Delhi
से लापता है
सम्पर्क करें 8860239812

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, योगेश कुमार, एडवोकेट, सभी संबंधित पक्षों को सूचित करने के लिए यह सार्वजनिक नोटिस जारी करते हैं कि श्री गौरव नागर, पुत्र स्वर्गीय श्री हेमी (जिन्हें हेमी सिंह के नाम से भी जाना जाता है) और श्रीमती संतोष, पत्नी स्वर्गीय श्री हेमी सिंह, स्वर्गीय श्री हेमी सिंह के कानूनी उत्तराधिकारी हैं।स्वर्गीय श्री हेमी सिंह, दादरी के गांव सादोपुर के खसरा नंबर 64 एम में स्थित भूमि के सह-स्वामी थे। उक्त भूमि/खसरा नंबर 64 एम के एक हिस्से पर केनरा बैंक की एक शाखा भी स्थित है।श्री हेमी सिंह के निधन पर, उनके कानूनी उत्तराधिकारी, श्री गौरव नागर और श्रीमती संतोष, एसडीएम, दादरी द्वारा जारी कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र, दिनांक 27.07.2023 और पटवारी रिपोर्ट दिनांक 21.12.2024 के अनुसार, उक्त भूमि में उनके कुल हिस्से के एकमात्र मालिक बन गए हैं।यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति पर श्री गौरव नागर एवं श्रीमती संतोष के स्वामित्व अधिकारों के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है, तो उनसे अनुरोध है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के भीतर मुझे दिए गए मोबाइल नंबर (9911004142) पर सूचित करें।
**योगेश कुमार(एडवोकेट)**

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that Mrs. Krishma Sharma @ Kasrishma Sharma had acquired Plot No. 259, measuring 150 Sq. Yards, Khasra No. 107/1, 47/3/12, at extended Lal Dora abadi of Village Hastsal Uttam Nagar, New Delhi vide Gift Deed dt. 16.10.2024 executed by Mr. Anuj Kumar Sharma. Khasra. In sale deed dt. 18.11.2005 khasra no mentioned is 107/1, the correct khasra number is 107/1 // 47/3/12. Now Mrs. Krishma Sharma @ Kasrishma Sharma is the undisputed owner of above said property till date.

OR

Any person / firm / institution / company having any claim or right in respect of the said Property by way of inheritance, share, sale, agreement, lease, license, gift, possession, legal heirs, partners or encumbrance howsoever or otherwise is hereby required to intimate in writing to the undersigned within 07 days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents at below mentioned address. After expiration of notice period, the claims, if any, of such person shall be treated null and void and also treated as waived and not binding on our client.
**Ajay Kumar Giri (Advocate) H.No. 26/161, Basement, Vikram Vihar, Lajpat Nagar 4, New Delhi-110024.**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि मोहम्मद अजीमुद्दीन, जो कि दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 के चौकरी मुबारकाबाद गांव में स्थित प्लॉट नंबर 31 पर निर्मित संपत्ति नंबर 157 का हिस्सा, जिसका क्षेत्रफल 30 वर्ग गज है, खरीद रहे हैं। वह श्री गुरजीत सिंह से खरीद रहे हैं, जो कि संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी जीवित सदस्य प्रमाण पत्र के आधार पर श्री दलजीत सिंह और श्रीमती बलबर कौर के निधन के बाद संपत्ति के मालिक थे। श्री दलजीत सिंह और श्रीमती बलबर कौर दोनों ही श्रीमती सुरजीत कौर द्वारा निष्पादित बिक्री विलेख दिनांक 31.03.2006 ( दस्तावेज संख्या 5389 ) के अनुसार उक्त संपत्ति के मालिक थे। हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से वित्तीय सहायता के बदले में इसे गिरवी रखने का इरादा है। बिक्री विलेख की अनुवादित प्रति ( उर्दू से हिंदी में ) दिनांक 09.09.1955 ( दस्तावेज संख्या 672 ) विक्रेता यानी श्री गुरजीत सिंह के पास उपलब्ध नहीं है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का पालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के स्वामित्व और या बंधक बनाने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए पते पर 10 दिनों के भीतर लिखित रूप से सूचित करें।
**NCR LAW ASSOCIATES (Advocates) & Consultants, A-98, Sector-9, New Vijay Nagar, Ghaziabad, (U.P.)-201009**

**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that my client Smt. Neelam Bhatnagar W/o Late Arun Kumar Bhatnagar R/o SRB 58C, Shipra Riviera, Indirapuram, Ghaziabad (U.P) 201010 has diswoned and debarred her son Shri Nikhil Bhatnagar and his wife Ms. Neha Bhatnagar along with their daughters Ms. Tiara Bhatnagar & Ms. Ariana Bhatnagar all R/o Unknown from all of her movable and immovable properties. Anybody dealing with the said debarred and disowned person shall do at their own risk and responsibilities and my clients shall not be responsible for the same.
**Saarthak Gupta (Advocate)**
**Enrl. No.: D/6398/2023**
**Ch. No.553, Dwarka Court,**
**New Delhi-110075,**
**Mob: 9871022208**

# फरीदाबाद से ब्राह्मण समाज को मिले मेयर पद का टिकट: सभा


संवाददाता सम्मेलन के दौरान जिला ब्राह्मण सभा के सदस्य।

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

जिला ब्राह्मण सभा सदन ने शनिवार प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करके प्रमुख राजनीतिक पार्टियों से मेयर की टिकट ब्राह्मण समाज को देने का आवाहन किया है।

वरिष्ठ अधिवक्ता और जिले के अनेक ब्राह्मण संगठनों के संरक्षक ओपी शर्मा ने पत्रकार वार्ता करके कहा कि निगम क्षेत्र में सबसे ज्यादा संख्या स्थानीय और प्रवासी ब्राह्मणो की है जिसकी वजह से मेयर पद पर पहला अधिकार ब्राह्मण समाज का ही बनता है। जबसे फरीदाबाद नगर निगम बना है तब से आज तक किसी भी ब्राह्मण समाज के व्यक्ति को मेयर पद नहीं दिया गया है। इस वजह से भी ब्राह्मण समाज की प्रबल दावेदारी बनती है। ब्राह्मण सभा के महासचिव राकेश वशिष्ठ ने कहा कि पहली बार शहर का मेयर सीधे तौर पे चुना जायेगा। ब्राह्मण समाज इस नेतृत्व को जनभावनाओं के अनुरूप चलाने में सक्षम है और अपने समाज के व्यक्ति की कार्यशैली की जिम्मेदारी भी लेने के लिए तैयार है। मेयर के अधिकार क्षेत्र में आने वाली शहर की मूलभूत समस्याओं को लेकर ब्राह्मण समाज संवेदनशील है और यदि प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी ब्राह्मण समाज की महिला को मेयर पद का उम्मीदवार बनाती है तो पूरा ब्राह्मण समाज ना केवल चुनाव में सत्तापक्ष पार्टी के साथ एकजुट रहेगा बल्कि भविष्य में भी चुने हुए ब्राह्मण मेयर को अपना दायित्व निर्वहन करने में सम्पूर्ण मदद करेगा।

केसी शर्मा (रिटायर्ड सेशन जज) ने अपने वक्तव्य में कहा कि आने वाले समय में राजनीति के हर स्तर पर महिलाओं की भागीदारी में इजाफा होगा और ब्राह्मण समाज भविष्य की राजनीति के लिए अभी से कुशल ब्रह्मण महिला नेतृत्व सर्व समाज को देना चाहता है।

## एलिन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

**सीआईएन:** L29304DL1982PLC428372

**कॉर्पोरेट एवं पंजीकृत कार्यालय:** 4771, भरत राम रोड, 23, दरियागंज, नई दिल्ली – 110 002, भारत | **दूरभाष:** 011–43000400 | **ई–मेल:** rkc@elinindia.com | **वेबसाइट:** www.elinindia.com

**31 दिसम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह हेतु (एकल एवं समेकित) वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

(₹ मिलियन में, यदि अन्यथा दर्शित न हो)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ–माह | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ–माह | | समाप्त वर्ष |
| | | 31.12.2024 | 30.09.2024 | 31.12.2023 | 31.12.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2024 | 31.12.2024 | 30.09.2024 | 31.12.2023 | 31.12.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2024 |
| | | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1. | संचालनों से कुल आय | 2,249.41 | 2,371.23 | 1,909.31 | 7,007.40 | 6,170.88 | 8,352.00 | 2,663.13 | 3,045.60 | 2,367.13 | 8,644.57 | 7,638.86 | 10,417.17 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों तथा सहयोगियों के लाभ (हानि) के भाग के पूर्व) | 37.95 | 48.65 | 37.30 | 154.13 | 144.46 | 181.92 | 19.94 | 64.37 | 37.77 | 164.93 | 145.76 | 196.83 |
| 3. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों तथा सहयोगियों के लाभ/(हानि) के भाग के पश्चात्) | 37.95 | 48.65 | 37.30 | 154.13 | 144.46 | 181.92 | 19.94 | 64.37 | 37.77 | 164.93 | 145.76 | 196.83 |
| 4. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों तथा सहयोगियों के लाभ/(हानि) के भाग के पश्चात्) | 28.28 | 36.41 | 26.70 | 113.84 | 102.14 | 127.39 | 13.99 | 47.81 | 26.44 | 120.99 | 103.34 | 138.74 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [(अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) एवं अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल कर के)] | 29.14 | 39.32 | 26.49 | 116.42 | 106.49 | 130.59 | 16.46 | 52.99 | 27.41 | 128.49 | 112.87 | 147.94 |
| 6. | प्रदत्त समता अंश पूँजी | 248.30 | 248.30 | 248.30 | 248.30 | 248.30 | 248.30 | 239.63 | 239.63 | 239.63 | 239.63 | 239.63 | 239.63 |
| 7. | संचित (पुनः मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त, पूर्व वर्ष के बैलेंस शीट में प्रदर्शित अनुसार) | - | - | - | - | - | 4,052.14 | - | - | - | - | - | 4,791.36 |
| 8. | प्रति अंश आय (₹ 5/– प्रत्येक) (वार्षिकृत नहीं) | | | | | | | | | | | | |
| | मूलभूत (₹ में) | 0.57 | 0.73 | 0.54 | 2.29 | 2.06 | 2.57 | 0.29 | 1.00 | 0.55 | 2.52 | 2.16 | 2.90 |
| | तरल (₹ में) | 0.57 | 0.73 | 0.54 | 2.29 | 2.06 | 2.57 | 0.29 | 1.00 | 0.55 | 2.52 | 2.16 | 2.90 |

**टिप्पणी:**
उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही एवं नौ–माह हेतु वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.bseindia.com / www.nseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.elinindia.com) पर उपलब्ध हैं।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 08 फरवरी, 2025

कृते **एलिन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**
हस्ता/–
कमल सेठिया
प्रबंध निदेशक
डीआइएन: 00081116

